# मध्यप्रदेश भू–संपदा अपीलीय अधिकरण, भोपाल

अमरकंटक भवन (चतुर्थ एवं पंचम तल) महाराणा प्रतापनगर,
प्लॉट नंबर 5, जोन–1 प्रेस काम्प्लेक्स, भोपाल 462011
0755–2559917, Email:- registrarreat@mp.gov.in


क्रमांक/1152 /मप्रभूसंअ/2022 भोपाल, दिनांक 03/11/2022

## // आदेश //

माननीय अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार अधिकरण के समक्ष प्राधिकरण के आदेश के विरूद्ध प्रमोटर/बिल्डर द्वारा प्राप्त होने अपीलों में डिफाल्ट्स होते हैं जिनकी पूर्ति हेतु निम्नानुसार आदेशित किया जाता है :–

1. म.प्र. भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण के नियम 43 (5) के तहत जहां कोई संप्रवर्तक/बिल्डर अपीलीय अधिकरण में अपील फाइल करता है वहां संप्रवर्तक/बिल्डर द्वारा सर्वप्रथम अपीलीय अधिकरण में यथास्थिति, शास्ति का कम से कम 30 प्रतिशत पैनाल्टी राशि अपील प्रस्तुत करते समय ही जमा किया जाना सुनिश्चित करने हेतु प्रमोटर/बिल्डर को दो बार तक समय दिये जाने के लिए रजिस्ट्रार को अधिकृत किया जाता है।
2. न्यायनिर्णायक अधिकारी द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध जहां कोई संप्रवर्तक/बिल्डर अपील फाईल करता है, वहां संप्रवर्तक/बिल्डर द्वारा धारा 43(5) के तहत सम्पूर्ण अधिरोपित प्रतिकर राशि एवं उस पर ब्याज या दोनों उक्त अपील की सुनवाई के पूर्व, जमा किया जाना सुनिश्चित करने हेतु प्रमोटर/बिल्डर को दो बार तक समय दिये जाने के लिए रजिस्ट्रार को अधिकृत किया जाता है।
3. प्राधिकरण के आदेश दिनांक/पक्षकार को आदेश प्राप्ति दिनांक से 60 दिवस के पश्चात् प्राप्त होने वाली अपीलों की समय सीमा अवधि में छूट प्राप्त करने हेतु आवेदन प्राप्त किया जाकर उक्त पक्षकारों को दो बार तक समय प्रदान करने हेतु रजिस्ट्रार को अधिकृत किया जाता तथा पक्षकारगणों को अनिवार्यतः आदेश प्राप्ति दिनांक संबंधी शपथपत्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जाता है।
4. विभिन्न प्रकरणों में प्राप्त होने वाले ऐसे आवेदन जिन्हें समुचित आदेश प्राप्ति हेतु माननीय अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जाकर उन प्रकरणों में उक्त आवेदन पर सुनवाई हेतु दिनांक नियत किये जाने के लिए रजिस्ट्रार को अधिकृत किया जाता है एवं नियत दिनांक पर दोनो पक्षकारगण अनिवार्यतः उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

<u>माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आदेशित</u>

-Sd-
प्रभारी रजिस्ट्रार
मध्यप्रदेश भू–संपदा अपीलीय अधिकरण,
भोपाल

पृ. क्रमांक/1153 /मप्रभूसंअ/2022 भोपाल, दिनांक 03/11/2022

**प्रतिलिपि –**

1. रीडर, माननीय अध्यक्ष महोदय की ओर सादर सूचनार्थ।
2. निज सहायक, माननीय सदस्य (प्रशासनिक) महोदय की ओर सादर सूचनार्थ।
3. निज सहायक, माननीय सदस्य (न्यायिक) महोदय की ओर सादर सूचनार्थ।
4. समस्त अधिवक्तागणों की ओर पालनार्थ।
5. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

-Sd-
प्रभारी रजिस्ट्रार
मध्यप्रदेश भू–संपदा अपीलीय अधिकरण,
भोपाल